# बेमौसम बारिश से किसान फसलों को लेकर चिंतित

- मंडी में और खलिहान में अनाज भीगने से बढ़ी परेशानी
- सीहोर तहसील में 2.2 एमएम व इछावर में 9 एमएम बारिश

नवभारत न्यूज

**सीहोर 20 मार्च. जिले में बीती रात अचानक बदले मौसम ने किसानों और व्यापारियों की चिंता बढ़ा दी. करीब 45 मिनट तक रुक-रुक कर हुई तेज बेमौसम बारिश ने जहां कृषि उपज मंडी समिति में खुले में रखे गेहूं को भिगो दिया. वहीं खेतों में सूखने को पड़ी उपज और खड़ी फसल भी प्रभावित हुई. मंडी परिसर में कई दुकानों के सामने रखा अनाज पानी में भीग गया, जिससे उसकी गुणवत्ता पर असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है.**

क्षेत्र में इन दिनों फसल कटाई का कार्य जोरशोर से चल रहा है. ऐसे में मौसम के मिजाज बिगड़ने से किसान चिंतित हो गए हैं. बीती देर रात लगभग 1.45 बजे बादलों की जोरदार गड़गड़ाहट और बिजली की चकाचौंध के बीच बारिश का सिलसिला शुरू हुआ.

लगभग 20 मिनट तक बारिश होने से खेतों में सूख रही उपज गीली हो गई तो पककर कटने को तैयार फसल पर भी पानी का असर पड़ने की संभावना बलवती हो गई है. मौसम विभाग के अनुसार, यह बारिश बीती रात करीब 1.45 बजे शुरू हुई और लगभग डेढ़ घंटे तक रुक-रुक कर जारी रही. इससे पहले 21 फरवरी को भी जिले के कुछ इलाकों में हल्की बारिश दर्ज की गई थी, जिसमें श्यामपुर में 1.3 मिमी, आष्टा में 4 मिमी और जावर में 3 मिमी वर्षा हुई थी। करीब एक महीने बाद 20 मार्च को फिर से बारिश होने से मौसम का मिजाज अचानक बदल गया. हालांकि इस बारिश से आम लोगों को भीषण गर्मी से थोड़ी राहत जरूर मिली है.

पिछले 24 घंटे में अधिकतम तापमान 38 डिग्री तक पहुंच गया था. बारिश के बाद तापमान में गिरावट दर्ज की गई, जिले में दर्ज वर्षा के आंकड़ों के अनुसार, सीहोर में 2.2 मिमी और इछावर में 9 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई. लेकिन यह राहत किसानों और व्यापारियों के लिए महंगी साबित हो रही है, क्योंकि फसल और अनाज को हुए नुकसान की भरपाई करना आसान नहीं होगा.



### उपज को सहेजने की कवायद में जुटे किसान

सुबह होते ही मंडी में व्यापारी और किसान भीगे गेहूं को बचाने में जुट गए. कहीं तिरपाल डाले गए तो कहीं धूप निकलते ही अनाज को फैलाकर सुखाने का काम शुरू कर दिया गया. कई स्थानों पर गेहूं की बोरियां खोलकर उन्हें सुखाया जा रहा है, ताकि नुकसान को कम किया जा सके. बावजूद इसके, व्यापारियों का कहना है कि भीगने के कारण गेहूं की चमक और गुणवत्ता प्रभावित होगी, जिससे बाजार में इसके दाम भी घट सकते हैं. केवल मंडी ही नहीं, खेतों में खड़ी फसल पर भी इस बारिश का असर पड़ा है. किसानों के अनुसार कटाई के लिए तैयार गेहूं की फसल की चमक और दाने की गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है. इसके अलावा लहसुन और प्याज की फसलों को भी नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है, क्योंकि ये फसलें इस समय संवेदनशील अवस्था में हैं.

## 86 गांवों में चरणबद्ध तरीके से मिलेगा पानी

**रेहटी.** मरदानपुर ग्रामीण समूह जलप्रदाय योजना में तकनीकी खराबी के चलते सलकनपुर जोन के 86 गांवों में आगामी तीन दिनों तक चरणबद्ध तरीके से पेयजल आपूर्ति की जाएगी. जल शोधन संयंत्र के तीन मोटर पंपों में से दो खराब हो जाने के कारण एक ही पंप से जलप्रदाय किया जा रहा है. सलकनपुर क्षेत्र में पेयजल की बढ़ती मांग को देखते हुए विभाग ने 86 गांवों को तीन भागों में बांटकर जलप्रदाय करने का निर्णय लिया है. प्रथम दिन ग्राम आंवलीघाट, गंजीट, इटारसी, नीलकछार, नक्ति तलाई, पानगुराडिया, मथिनी, मुर्राह, धानकोट, पाथोड़ा, चारुआ, जहाजपुरा, सत्तुमड़ी, सतारा, दीपाखेड़ा, होलीपुरा, पिलिकारार, खंडावाड़, बायन, उंचाखेड़ा, पांडाडोह, देवगांव, तालपुरा, महुकला, पातालकोह, मकोड़िया, सेमरिया और सलकनपुर में जल प्रदाय किया जाएगा. दूसरे दिन में

# आज मनाए जाने वाले ईद पर्व को लेकर उत्साह

- रमजान माह की समाप्ति के बाद आज मनेगी ईद
- मुस्लिम समाज के घरों में बनाए गए विभिन्न पकवान

नवभारत न्यूज

**टीकमगढ। रमजान महीने की समाप्ति के बाद आज शनिवार को ईद का पर्व मनाया जाएगा। इस दिन लोग एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद देते हैं,शहर के ईदगाह सहित तमाम मस्जिदों में नमाज अदा की जाएगी। इसके बाद मीठी सेवाईयों के साथ ही तरह-तरह के पकवान का लोग आनंद उठाएगे।ईद के दिन लोग महीने भर रोजे रखने के बाद पूरे दिन खाने-पीने की शुरुआत करते हैं, मस्जिदों में खास नमाज अदा की जाएगी। बुजुर्ग लोग अपने छोटे बच्चों को ईदी देते हैं और लोग एक दूसरे के घर मिलने के लिए जाते हैं।**



शहर के ईदगाह में शनिवार को प्रातः 8 बजे ईद की विशेष नमाज अदा की जाएगी। इसके बाद शहर की तमाम मस्जिदों में नमाजियों द्धारा नमाज पढी जाएगी और देश के अमन-चैन के लिए मुस्लिम भाई दुआ मांगेगे। इसके बाद मुस्लिम समाज के लोग एक-दूसरे को गले मिलकर तहे दिल से ईद की मुबारकबाद देगे। ईद के पर्व को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। टीकमगढ़ में ईद मौके पर प्रशासनिक व्यवस्थाएं दुरस्त हो चुकी है। पुलिस कप्तान मनोहर सिंह मंडलोई ने बताया कि मस्जिदों सहित शहर के अन्य स्थानों पर डयूटी के दायित्व अपने पुलिस बल को सौंप दिए है।

### 8 बजे होगी ईदगाह में नमाज

रमजान महीने की समाप्ति के बाद आज शनिवार को ईद का पर्व मनाया जाएगा। इस दिन लोग एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद देते हैं,शहर के ईदगाह सहित तमाम मस्जिदों में नमाज अदा की जाएगी। जिला अंजुमन सदर मोहम्मद रज्जाक ने बताया है कि शहर के ईदगाह में सुबह 8 बजे इसके बाद जमा मस्जिद, बड़ा मजार मस्जिद मऊचुंगी, कादरी मस्जिद, कुमैदान मस्जिद एवं भिशितयान मस्जिद पुराना बस स्टेंड पर सुबह 8.15 इसके अलावा सुबह 8.30 बजे सुल्तान खां मस्जिद, नूरानी मस्जिद,बड़ी तकिया मस्जिद,नजाई मस्जिद एवं चिशितया मस्जिद पर बिशेष नमाज अदा की जाएगी। जिसकी सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।




## विज्ञान मानवता के लिए उपहार

नवभारत न्यूज

**ललितपुर 20 मार्च. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के तत्वावधान में वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत विज्ञान दिवस का आयोजन महरौनी के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज महरौनी में किया गया.**

महान भारतीय वैज्ञानिक सर सीवी रमन के विज्ञान के कार्यों, योगदान एवं रमन प्रभाव पर विशेषज्ञों द्वारा वैज्ञानिक व्याख्यान तथा विद्यार्थियों के मध्य भाषण, पोस्टर, तथा निबन्ध, विज्ञान मॉडल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया. विज्ञान जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रतिनिधि राज्य मंत्री सुरेंद्र पंथ विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष नीलम बड़ोनिया, उपजिलाधिकारी रजनीश वाजपेई, विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती शीलम गुप्ता ने किया. जिला विज्ञान क्लब समन्वयक राहुल जैन ने कहा कि विद्यार्थियों एवं आम जनमानस में विज्ञान के प्रति अभिरुचि उत्पन करना एवं उनमें वैज्ञानिक सोच विकसित करना आवश्यक है.

# बरोदिया प्लांटेशन में भीषण आग से हड़कंप

नवभारत न्यूज

**गुना 20 मार्च का। फतेहगढ़ वन परिक्षेत्र के बरोदिया प्लांटेशन में बीती रात अचानक लगी भीषण आग ने वन विभाग और स्थानीय प्रशासन की सांसें फुला दीं। हालांकि, सूचना मिलते ही वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने सक्रियता दिखाते हुए मोर्चा संभाला, जिसके चलते प्लांटेशन का एक बड़ा हिस्सा जलने से बच गया।**

जानकारी के अनुसार, बीट जौहरी के बरोदिया प्लांटेशन में गुरुवार रात लगभग 10 बजे अचानक आग की लपटें उठनी शुरू हुईं। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और करीब 75 हेक्टेयर में फैले इस विशाल क्षेत्र के एक हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया। आग की सूचना मिलते ही मौके पर तैनात चौकीदार ने तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया। प्लांटेशन के चौकीदार का दावा है कि सूचना के महज एक घंटे के भीतर ही नाकेदार और डिप्टी रेंजर अपनी टीम के साथ मौके पर पहुँच गए थे और ग्रामीणों के सहयोग से आग बुझाने के प्रयास शुरू कर दिए गए।



### सतर्कता से बची लाखों पौधों की जान

शुरुआती कयासों में भारी नुकसान की आशंका जताई जा रही थी, लेकिन मौके पर मौजूद अधिकारियों का कहना है कि समय रहते प्रभावी घेराबंदी (फायर लाइन) करने से आग को फैलने से रोक लिया गया। हालांकि, आग की चपेट में आने से बड़ी संख्या में पेड़-पौधे झुलस गए हैं, लेकिन वन विभाग की त्वरित प्रतिक्रिया की वजह से प्लांटेशन का अधिकांश हिस्सा सुरक्षित बचा लिया गया है। साल 2023 में तैयार किए गए इस प्लांटेशन को बचाने के लिए विभाग ने पूरी ताकत झोंक दी थी।

## मातृ शक्ति संगम शौर्य दिवस का भव्य आयोजन

**हरदा** स्थानीय राजपूत छात्रावास में राजपूत महिलाओं के द्वारा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की संचालक जयंती चौहान ने बताया कि प्रतिवर्ष महिला दिवस के उपलक्ष्य में मातृशक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है यह इस कार्यक्रम आयोजन का 11 वां वर्ष था। इस वर्ष रानी पद्मिनी के जौहर को दृष्टिगत रखते हुए शौर्य दिवस मनाया गया जिसके अंतर्गत भारत की महान नारियों की महिमा का चित्रण किया गया। उन्होंने बताया कि वैसे तो वैदिक काल और ऐतिहासिक काल से लेकर आधुनिक काल तक अनेक महान क्षत्राणियां हुई हैं जिन्होंने अपने प्रेम, त्याग, तपस्या, बलिदान से अपना नाम इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित किया है।

# झांसा देकर की ठगी, आभूषण ले भागे

### झांसा देकर मंगलसूत्र उड़ाया, एक अन्य घटना में टॉप्स छीने



नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 20 मार्च, का. झांसा देकर ठगी करते हुए दो अलग-अलग घटनाओं में हजारों रुपये के आभूषण लेकर रफूचक्कर होने की घटना सामने आई है.**

सिटी पुलिस के अनुसार गुरुवार को नगर में दो अलग-अलग घटनाओं में ठग हजारों रूपये कीमत के आभूषण लेकर भाग निकले. पहली घटना दोपहर लगभग 1 बजे की है जिसमें वार्को सिटी क्षेत्र में स्कूटी से एक व्यक्ति फरियादी के घर पहुंचा और पीने का पानी मांगा. इसी बीच उसने झांसा देते हुए गृह कलेश बात कहते हुए कहा कि इसे दूर करने पूजा करना होगी और मंगल सूत्र ले आओं उसे मंत्र से सिद्ध कर दूंगा. भरोसे में लेकर घर में रखा एक मंगलसूत्र मंगवाया और एक अन्य गले में पहना मंगलसूत्र भी उतरवा लिया.

### प्रकरण दर्ज किया

दोनों मामलों में सिटी पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है. प्रारंभिक जांच में दोनों घटनाओं के आरोपी कैमरों में कैद होना बताया जा रहा है. संदिग्धों की फोटो सोशल मीडिया के माध्यम से भी साझा की जा रही हैं, ताकि जल्द घटना करने वालों को पकड़ा जा सके.

# क्रिकेट खेल रहे बच्चों को दिखी लाश

### नशे के ओवरडोज से मौत की आशंका

नवभारत न्यूज

**विदिशा 20 मार्च, शहर के मुगल टोला इलाके में उस समय सनसनी फैल गई जब क्रिकेट खेल रहे बच्चों को एक मकान के अंदर युवक की लाश दिखाई दी. घटना ने पूरे क्षेत्र में हड़कंप मचा दिया और बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्रित हो गए.**

जानकारी के अनुसार कुछ बच्चे गली में क्रिकेट खेल रहे थे. खेल के दौरान उनकी गेंद पास के एक बंद मकान के अंदर चली गई. जब बच्चे गेंद लेने के लिए अंदर पहुंचे तो वहां एक युवक का शव पड़ा हुआ दिखाई दिया. शव की हालत देखकर बच्चे घबरा गए और तुरंत आसपास के लोगों को इसकी सूचना दी .सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को खबर दी गई. पुलिस टीम भी तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की. मृतक की पहचान करीब 35 वर्षीय फिरोज खान पुत्र हबीब खान निवासी मुगल टोला के रूप में की गई है.

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार युवक की मौत नशे के ओवरडोज के कारण होने की आशंका जताई जा रही है. बताया जा रहा है कि शव लगभग 3 से 4 दिन पुराना है. लंबे समय तक पड़े रहने के कारण शव पूरी तरह अकड़ चुका था और उसमें से तेज बदबू भी आ रही थी.

### एक नजर में



## तालाब गहरीकरण और स्वच्छता के लिए किया श्रमदान

**दोराहा.** जन अभियान परिषद द्वारा विकासखंड के ग्राम बमुलिया दोराहा और शेखपुरा में जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरुआत की गई. मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार आयोजित इस अभियान के तहत तालाबों का गहरीकरण और साफ-सफाई का कार्य श्रमदान के माध्यम से किया गया. कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक प्रदीप सिंह सेंगर के मार्गदर्शन में जल संरक्षण के प्रति जागरुकता फैलाने पर जोर दिया गया. मेंटर रवि सोनी ने कहा कि पानी की हर बूंद को बचाना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है और इसके लिए लोगों को अपनी आदतों में बदलाव लाना होगा. इस दौरान उपस्थित लोगों को जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई.

## मत्स्य अवतार मीनेष जयंती चल समारोह 22 को

**विदिशा,** मीना समाज के आराध्य भगवान विष्णु के प्रथम मत्स्य अवतार भगवान मीनेष जयंती हर्षउल्लास एवं श्रद्धापूर्वक मध्यप्रदेश मीना समाज सेवा संगठन द्वारा मनाई जा रही है. रविवार 22 मार्च को श्री राम जानकी मंदिर ट्रस्ट मीणा समाज वैत्रवती तट पर सुबह 10 बजे से आराध्य देव मीनेश भगवान की पूजन हवन एवं प्रसादी वितरण होगा. दोपहर 12 बजे से होने वाले कार्यक्रमों में 2 बजे अतिथि सत्कार एवं जनसभा का आयोजन किया जाएंगा. इसके बाद दोपहर 3 बजे से चल समारोह प्रारंभ होगा.

## सड़क के बीच में बन रही नाली का विरोध

**टीकमगढ़।** हवेली रोड स्थित दाल मिल के पास वार्ड नंबर 6 में ऐसी नाली बनाई जा रही है, जो बीच सड़क से होकर गुजर रही है। जबकि कॉलोनी में पीछे से सड़क के दोनों ओर नाली बनती आ रही है। कुछ लोग मकान के पास नाली बनवाने के लिए तैयार नहीं है। जिसके कारण यह स्थिति बनी है। निर्माण में आ रही समस्या को अधिकारी देखने तक नहीं जा रहे हैं। दरअसल वार्ड नंबर 6 में दाल मिल के पास इमली बाबा चबूतरे से लेकर पूरी कॉलोनी और बाहर मुख्य मार्ग तक सड़क और नाली का निर्माण नगर पालिका के द्वारा किया जा रहा है। जिसका ठेका मारवाड़ी कंस्ट्रक्शन के पास है। कॉलोनी की गलियों में सभी जगह सड़क-नाली का निर्माण हो गया, शेष बाहर के हिस्से में होने वाली नाली के निर्माण पर रहवासियों ने आपत्ति जताई है। जबकि पीछे से सड़क के दोनों नालियों का निर्माण होता आ रहा, लेकिन विवेक जैन, लखनलाल नायक के मकान के सामने नाली न बनकर बीच सड़क से नाली बनाने का काम किया गया। रहवासियों के द्वारा मकानों के सामने बनने वाली नाली का विरोध जताया गया। इस मामले में सीएम हेल्पलाईन पर शिकायत हुई है।

## विधायक ने विद्युत उपकेंद्र का किया भूमि पूजन

**बैतूल।** ग्राम बेहडी में ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही मांग को ध्यान में रखते हुए आमला विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे ने 20 मार्च को 33/11 केव्ही 5 एमव्हीए विद्युत उपकेंद्र का भूमि पूजन किया। इस उपकेंद्र की लागत 2.50 करोड़ रुपये है और इसकी क्षमता 5 एमव्हीए है। इस उपकेंद्र से 03 नम्बर पम्प कृषि फीडर और 01 नम्बर घरेलू फीडर के माध्यम से लगभग 14 गांवों को विद्युत आपूर्ति की जाएगी, जिनमें बेहडी, बारंगवाडी, मंगारा, कोठिया, चिखलार, नरेरा, मुवारिया, गजाढाना, रेंगाढाना, सरेकाडोल, भुमकाढाना, भुड़काल ढाना, मोहन ढाना और जमदेही कला शामिल हैं। इस अवसर पर आमला विधायक डॉ पंडाग्रे ने कहा कि इस उपकेंद्र से क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी और ग्रामीणों को बेहतर विद्युत आपूर्ति मिलेगी। कार्यक्रम में नरेंद्र गड़ेकर, सतीश हारोडे, यशवंत यादव, महेश मर्सकोले, अशोक नागले, जनपद सदस्य श्रीमती सीमा रतन धुर्वे, रवि सूर्यवंशी, माखन उईके, मनोज विश्वकर्मा, भररु यादव और विद्युत विभाग के एई श्री डोंगरे, जेई श्री चंदेलकर, डीई श्री बुसारे सहित ग्रामीण उपस्थित थे। इसके अलावा आमला विधायक डॉ. पंडाग्रे ने ग्राम जमदेही कला में जनजातीय बस्ती विकास योजना से स्वीकृत सीसी रोड का भूमि पूजन किया और ग्राम हसलपुर में मुख्यमंत्री विशेष निधि से स्वीकृत सामुदायिक भवन का भी भूमि पूजन किया।




## कवि सम्मेलन का आयोजन

नवभारत न्यूज

**सागर 20 मार्च. हिन्दू नववर्ष की पूर्व संध्या पर आयोजित कार्यक्रम साहित्यिक व सांस्कृतिक संस्था काव्यायन एवं म.प्र.लेखक संघ शाखा के तत्वावधान में संपन्न हुआ.**

अध्यक्षता वरिष्ठ लोक गायक हरगोविंद विश्व ने की. मुख्य अतिथि जमुना प्रसाद, विशिष्ट अतिथि देवेन्द्र फुसकेले,आशुतोष उपाध्याय रहे. संचालन अमित आठिया, डा.अभय सिंह ने किया. सरस्वती वंदना के साथ मुकेश तिवारी ने कार्यक्रम को गति दी. परिचर्चा सत्र के बाद मेहमान शायर जमना प्रसाद ने कवि-सम्मेलन को ऊंचाइयां दी. जिसे डा.गजाधर सागर,वृन्दावन राय सरल आदि मौजूद थे.

# कर्मचारी ने की आत्महत्या, प्रताड़ना के आरोप

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा 20 मार्च, नगर पालिका के फायर ब्रिगेड ड्राइवर मुकेश अहिरवार द्वारा आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है.. जानकारी के अनुसार मुकेश अहिरवार ने गुरुवार सुबह जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जान दे दी. गंभीर हालत में उन्हें उपचार के लिए विदिशा रेफर किया गया था, जहां देर रात इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई. मृतक के परिजनों को उनके मोबाइल में एक वीडियो मिला है, जिसने पूरे मामले को और गंभीर बना दिया है.**



इस वीडियो में मुकेश अहिरवार ने नगर पालिका के ही कर्मचारी मुन्ना महाराज और मथुरा अहिरवार पर मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के आरोप लगाए हैं. वीडियो में उन्होंने बताया कि पिछले तीन वर्षों से दोनों कर्मचारी उन्हें लगातार परेशान कर रहे थे. मुकेश ने वीडियो में यह भी आरोप लगाया कि दोनों कर्मचारी कभी गाड़ी चलाने को लेकर तो कभी अन्य कार्यों को लेकर उन्हें बार-बार दबाव में रखते थे.

प्रदर्शनकारियों का कहना है कि आरोपियों को एक घंटे के भीतर गिरफ्तार किया जाए.. उन्होंने चेतावनी दी है कि जब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा. फिलहाल मौके पर प्रशासनिक अमला पहुंच गया है और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया जा रहा है.. मामले की जांच शुरू कर दी गई है और अधिकारियों का कहना है कि जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी.

**पंजीयन** पिछले साल की अपेक्षा इस बार 6078 पंजीयन ज्यादा

# खुले बाजार में गेहूं के दाम कम मिलने से खरीदी केंद्रों में अधिक हुए पंजीयन

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 20 मार्च. इस बार जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने के लिए 18969 किसानों ने पंजीयन कराया है। पिछले साल यह संख्या 12891 थी यानि इस बार 6078 अधिक किसानों ने पंजीयन करवाया है।**

यह आंकड़ा गत वर्ष की तुलना में जरूर अधिक है, लेकिन विगत पांच वर्षो के आंकड़े देखे जाये तो पंजीयन की संख्या में लगातार गिरावट दर्ज की गई है। बताया गया कि 2021-22 में 44651 किसानों ने पंजीयन करवाया था। यह आंकड़ा 2026-27 में 18969 पर आ गया था। इस बार शुरुआत में किसानों के पंजीयन कम हुए, लेकिन जैसे-जैसे पंजीयन की अंतिम तिथि करीब आई, बड़ी संख्या में किसानों ने समर्थन मूल्य को समर्थन किया। पिछले पीछे एक कारण यह भी है कि खुले बाजार (अनाज मंडी) में गेहूं के दाम समर्थन मूल्य से कम है। जिससे किसानों ने समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने के लिए ज्यादा रूचि दिखाई। बता दे कि समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिए 7 फरवरी को पंजीयन शुरू हुए थे। पंजीयन की आखरी तारीख 7 मार्च थी, लेकिन सरकार ने पंजीयन की तिथि तीन दिन बढ़ाकर 10 मार्च कर दी थी। इस दौरान बड़ी संख्या में किसानों ने पंजीयन कराया। यहीं वजह है कि इस बार गेहूं बेचने के लिए 18,969 किसानों के पंजीयन जिले में हुए है।



**गेहूं खरीदी के लिए बनाए जायेगे 64 खरीदी केन्द्र :** जिला आपूर्ति अधिकारी केके टेकाम ने बताया कि शासन से जिले में 64 खरीदी केंद्र बनाए जाने की अनुमति मिली है। बीते साल जिले में 25719 मेट्रिक टन गेहूं की खरीदी हुई थी। इसे देखते हुए इस साल जिले को 26 हजार मेट्रिक टन खरीदी का लक्ष्य मिला है। हालांकि इस साल अधिक गेहूं की आवक होने की संभावना है। इसलिए जिला स्तर से 60 हजार मेट्रिक टन का लक्ष्य तय किया गया है। संभावना जताई जा रही है कि गेहूं की खरीदी 16 मार्च के बाद शुरू हो सकती है। हालांकि अभी तक खरीदी शुरू करने की तारीख संबंधी कोई आदेश शासन से नहीं आया है।

### 2 लाख 66 हजार हेक्टेयर जिले में गेहूं का रकबा

इस साल जिले में करीब 2 लाख 66 हजार हेक्टेयर में किसानों ने गेहूं की फसल की बुआई की है, लेकिन रकबे के अनुपात में पंजीयन नहीं हुए है। पिछले साल यह रकबा करीब 2 लाख 60 हजार हेक्टेयर था। इस बार गेहूं के रकबे में लगभग 6 हजार हेक्टेयर की बढ़ोत्तरी की गई है। हालांकि इस साल विगत वर्ष की तुलना में अधिक किसानों ने पंजीयन कराया है, जिससे गेहूं खरीदी के लक्ष्य में भी बढ़ोत्तरी की है।

## भूमि सुपोषण एवं संरक्षण अभियान संपन्न

**टीकमगढ़।** कृषि विज्ञान केंद्र में भूमि सुपोषण एवं संरक्षण अभियान का आयोजन का सीधा प्रसारण कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक, कर्मचारी, किसान एवं छात्रों द्वारा देखा गया। ऑनलाइन माध्यम से केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री भारत सरकार शिवराज सिंह चौहान द्वारा देश में 19 मार्च से 19 अप्रैल तक भूमि सुपोषण एवं संरक्षण अभियान का आज से सुभारम्भ किया गया, जो कि देश भर में ये अभियान गाँव-गाँव में भूमि के प्रति पोषण एवं संरक्षण करने के लिए किसानों में जागरूकता पैदा करने के लिए चलाया जायेगा। कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा जिले के 40 गांवों में ये अभियान चलाया जायेगा।